श्री बंशीधर नगर, सोमवार
28.10.2024
कार्तिक कृष्णपक्ष एकादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 66

सूर्योदय-सूर्यास्त
उदय - 05:55 बजे
अस्त - 05:25 बजे

तापमान
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 20 डिग्री से.

बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
विधायक भानू ने 15 वर्षों से धोखा दिया है >> पेज 03 जैस्मीन ने चेहरे के साथ क्या कर लिया... पेज 04

## सुविचार

जहां सम्मान न हो वहां कभी जाना नहीं चाहिए, जो अपमान करे, उसे कभी बुलाना नहीं चाहिए!

## न्यूज अपडेट्स

### बाबूलाल सहित कई प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार विधानसभा सीट से सोमवार को नामांकन करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार राय, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी मौजूद रहेंगी। देवघर से नारायण दास और गिरिडीह से निर्भय कुमार शाहाबादी नामांकन करेंगे। इसमें भाजपा चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान मौजूद रहेंगे। नाला से माधव चंद्र महतो और जामताड़ा से सीता सोरेन नामांकन करेंगे। मनोहरपुर से नवनीत हेंब्रम, शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन, दुमका से सुनील सोरेन, जामा से सुरेश मुर्मू, जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर नामांकन करेंगे। इस अवसर पर चुनाव सह प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा मौजूद रहेंगे। मधुपुर से गंगा नारायण सिंह और सारठ से रणधीर कुमार सिंह नामांकन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और सांसद निशिकांत दुबे मौजूद रहेंगे। पोड़ैयाहाट से देवेंद्र नाथ सिंह और महागामा से अशोक कुमार भगत नामांकन करेंगे। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मौजूद रहेंगे। निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता, झरिया से रागिनी सिंह और बाघमारा से शत्रुघ्न महतो नामांकन करेंगे।

संग्राम

# आंसुओं में डूबीं सीता सोरेन ने कहा
# मेरे पति नहीं हैं, इसिलए...

## भाजपा बोली-माफी नहीं, कार्रवाई होनी चाहिए

बंशीधर न्यूज

**जामताड़ा :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सीता सोरेन ने उनके बारे में झारखंड में मंत्री इरफान अंसारी की कथित अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बात करते हुए रो पड़ीं। जामताड़ा सीट से विधानसभा चुनाव लड़ रहीं सोरेन अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से एक दिन पहले संवाददाताओं को संबोधित कर रही थीं। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अंसारी ने गुरुवार को नामांकन दाखिल करने के बाद सोरेन के बारे में कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा -जब से मेरी उम्मीदवारी की घोषणा हुई है, इरफान अंसारी मुझे निशाना बना रहे हैं। लेकिन नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने जो अपमानजनक टिप्पणी की, वह स्वीकार्य नहीं है। यह आदिवासी समुदाय की महिलाओं का अपमान है। आदिवासी समुदाय उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने रोते हुए कहा, चूंकि मेरे पति जीवित नहीं हैं, इसलिए उन्होंने (अंसारी ने)...।



### लोस चुनाव के पहले भाजपा में शामिल हुई सीता

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन के छोटे बेटे हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने और धन शोधन मामले में जेल जाने के बाद, मुख्यमंत्री पद को लेकर परिवार में मतभेद होने पर दुर्गा सोरेन की पत्नी सीता सोरेन इस साल की शुरुआत में भाजपा में शामिल हुई थीं। दुर्गा सोरेन जेएमएम प्रमुख शिबू सोरेन के बड़े बेटे थे।

### सांसद विवेक ठाकुर ने स्थिति संभाली

सीता सोरेन जब रो पड़ीं तो उनके साथ मौजूद नवादा से भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने स्थिति को संभालने की कोशिश की। कांग्रेस नेता की टिप्पणी की आलोचना करते हुए विवेक ठाकुर ने कहा कि भाजपा न केवल जामताड़ा में, बल्कि पूरे राज्य में इसका विरोध करेगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) ने शनिवार को अंसारी की टिप्पणी का संज्ञान लिया और झारखंड सरकार को नोटिस जारी कर तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंत्री इरफान अंसारी की ओर से सीता सोरेन के खिलाफ की गई टिप्पणी पर इंडिया एलायंस पर निशाना साधा। बाबूलाल मरांडी ने मांग की कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तत्काल इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटाए।

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा

## महंगाई पर अंकुश लगाने पर पूरी तरह विफल रहा केंद्र




बंशीधर न्यूज

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि केंद्र सरकार लगातार बढ़ती महंगाई पर अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। आवश्यक वस्तुओं, दवाइयों से लेकर रोजमर्रा की चीजों के दाम आसमान छू रहे हैं। इस स्थिति में आम नागरिक की स्थिति दिन-प्रतिदिन मुश्किल होती जा रही है। सोरेन ने कहा कि झारखंड सरकार ने जब मंईयां सम्मान योजना के माध्यम से आम परिवारों को राहत देने का प्रयास किया, तो केंद्र सरकार तुरंत इसे रोकने के लिए न्यायालय पहुंच गई। यही सरकार उद्योगपतियों को अरबों-खरबों रुपये की सब्सिडी देते समय मौन साध लेती है लेकिन जनकल्याण की बात आते ही विरोध में खड़ी हो जाती है। झारखंड में ये जन-विरोधी नीतियों का क्रियान्वयन करना चाहते हैं। हेमंत सोरेन ने कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करें, न कि उसे कमजोर। गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के हित में चलाई जा रही योजनाओं को और अधिक सशक्त किया जाए। यह समय है जनहित की नीतियों को प्राथमिकता देने का, न कि उन्हें कमजोर करने का। उन्होंने कहा कि दिसंबर की 10 तारीख से हर माह झारखंड बहनों को 2500 रुपये की सम्मान राशि मिलेगी।

## केंद्र सरकार बिरसा मुंडा की मनाएगी 150वीं जयंती

बंशीधर न्यूज

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न के 115वें एपिसोड में देश के लोगों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से झारखंड का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा और सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेरे जीवन का सबसे खास पल वह था जब मैं भगवान बिरसा मुंडा के जन्म स्थान



उलीहातू गया था। मोदी ने 15 नवंबर, 2023 के अपने झारखंड के दौरे को याद करते हुए कहा कि उनके जीवन में इस यात्रा का विशेष प्रभाव पड़ा। वह पहले ऐसे प्रधानमंत्री बने जो कि भगवान बिरसा मुंडा के गांव गए थे। उन्होंने कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात थी कि उलिहातू की मिट्टी को सिर से लगाने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि उस क्षण मैंने न सिर्फ स्वतंत्रता संग्राम की शक्ति महसूस हुई, बल्कि झारखंड की धरती की शक्ति से जुड़ने का अवसर मिला। प्रधानमंत्री ने इस दौरान सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल की 31 अक्टूबर और बिरसा मुंडा की 15 नवंबर से 150वीं जयंती शुरू होगी। प्रधानमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार इन दोनों की जयंती को मनाएगी। प्रधानमंत्री ने उनके साहस और दूरदर्शिता का जिक्र किया। साथ ही कहा कि इन दोनों महापुरुषों के सामने अलग-अलग चुनौतियां थीं लेकिन उनका विजन एक ही था, देश की एकता।

## सुदेश महतो का बड़ा दांव, सिल्ली और टुंडी से लड़ेंगे चुनाव

**धनबाद :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में आजसू पार्टी प्रमुख सुदेश महतो दो सीटों से चुनाव लड़ेंगे। सुदेश महतो ने सिल्ली विधानसभा सीट के नामांकन दाखिल कर दिया है, अब चर्चा है कि वो 29 नवंबर को टुंडी विधानसभा सीट के लिए भी पर्चा भरेंगे। चर्चा है कि सुदेश महतो की ओर से टुंडी विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के लिए नामांकन पत्र खरीदा गया है। आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो ने वर्ष 2019 के चुनाव में सिल्ली सीट से जीत हासिल की थी। इससे पहले भी सुदेश महतो वर्ष 2000, 2005 और 2009 में सिल्ली से चुनाव जीत चुके हैं। इस बार भी उन्होंने सिल्ली सीट से चुनाव लड़ने का फैसला लिया है। लेकिन अब सुदेश महतो टुंडी सीट से भी चुनाव लड़ना चाहते हैं।



### भाजपा टुंडी सीट से दावेदारी छोड़ेगी

एनडीए में शामिल बीजेपी, आजसू पार्टी, जेडीयू और लोजपा-आर की ओर से 68-10-2-1 फार्मूले के तहत झारखंड की 81 सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया था। साथ ही एनडीए की ओर से यह भी भरोसा दिलाया गया था एक-दो सीटों की अदला-बदली हो सकती है। सुदेश महतो के टुंडी से चुनाव लड़ने की स्थिति में बीजेपी 67 और आजसू पार्टी के खाते में 11 सीटें जा सकती है। बीजेपी शीर्ष नेतृत्व टुंडी सीट सुदेश महतो के लिए छोड़ने को तैयार है। यही कारण है कि अब तक बीजेपी की ओर से टुंडी सीट के लिए उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया गया है।

## जब तक झारखंड के लिए लड़ते रहे तब तक झारखंड बना नहीं : डॉ रवीन्द्र कुमार राय

# लड़ के नहीं लिया है झारखंड, भाजपा ने सहमति से बनाया है

बंशीधर न्यूज

**रांची।** झारखंड भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि कुछ राजनीतिक लोग कहते हैं कि झारखंड लड़कर लिया है। जब तक झारखंड के लिए लड़ते रहे तब तक झारखंड बना नहीं। भाजपा ने सहमति से इस राज्य को बनाया है।

रविंद्र राय ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड बनाने के लिए जब सहमति हुई तब झारखंड में लड़ाई समाप्त थी। तब आदिवासी, गैर आदिवासी, अगड़ा-पिछड़ा दलित की जो सीमाएं बनाकर अलग राज्य के नाम पर जो तफरका पैदा करने की कोशिश थी खासकर जेएमएम और कांग्रेस ने, उस सीमा की रेखा को मिटाकर जब राज्य में एक आम सहमति का निर्माण किया गया। यह काम भाजपा ने किया। इसके बाद ये राज्य का निर्माण हुआ। इसलिए मैं आज बहुत जिम्मेदारी के साथ वैसे लोगों के उन दावों को खंडन करता हूं जो कहते हैं लड़के लिया झारखंड। उनके ऐसे कहने पर आज भी बिखराव और सामाजिक विभाजन की दुर्गंध निकलती है। उन्होंने कहा कि आज जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि झारखंड में सामाजिक विभाजन के साथ किसी का अपमान नहीं किया जा सकता। यहां पर समाज के सभी वर्ग, जाति, समूह के अधिकार के रक्षा की बात करती है और सबके सम्मान के रक्षा के बात करती है। हम वादा करते हैं कि इस राज्य में आदिवासी भाईयों का, गैर




आदिवासी भाईयों का, दलितों का, पिछड़ों का सभी के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा होगी। सबके हितों की रक्षा होगी। झारखंड में बेमनुष्यता की भावना 2000 के पहले भी जेएमएम कांग्रेस करता था। ये लालखंड तक की बात करते थे। खेत खलिहान तक लूटते थे। उससे मुक्त कराकर के हमने अटल जी के शासनकाल में राज्य बनाया। राय ने कहा कि आज मैं चुनाव के माहौल मैं इस बात का संदेश झारखंड की जनता को देना चाहता हूं कि हमने झारखंड बनाया है तो हमारी विशेष जिम्मेदारी झारखंड की जनता के प्रति है इसका हमको एहसास है। इस प्रकार की राजनीतिक विभाजन का जो काम हो रहा है उससे इस राज्य को बचाने की जरूरत है। एक तरफ फिर से सांप्रदायिकता को बढ़ाने का काम कांग्रेस कर रही है। जातिवाद को फैलाने का काम राजद कर रहा है। आदिवासी गैर आदिवासी की भावना को भड़काने का काम जेएमएम कर रह है। झारखंड को झारखंड वासियों के लिए सुरक्षित रखने का काम करना चाहिए। मैं उनसे भी कहना चाहता हूं कि आप लोकतंत्र के त्योहार में आये हो तो संविधान के तहत सबकी हितों की रक्षा की बात करे। मोदी के उस दृष्टिकोण के परिपेक्ष्य में यह बात रख रहा हूं, जिसमें उन्होंने कहा है कि सबका साथ, सबका विकास। उसी प्रयास में मैं यह कहना चाहता हूं कि झारखंड में सबका मान-सम्मान और अधिकार की सुरक्षा भाजपा करेगी। आज जरूरत इस बात की है कि समाज के सभी वर्ग के लोग भाजपा का दिल खोलकर साथ दें। हमें विश्वास है कि झारखंड की जनता भाजपा के लिए समर्पित है।

# जिन कर्मों से मानवता का कल्याण, राष्ट्र व संस्कार का संरक्षण हो वही भक्ति है : जीयर स्वामी



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** जिन कर्मो, आचरण व व्यवहार को करने से मानवता का कल्याण, राष्ट्र व संस्कार का संरक्षण हो वही भक्ति है। उक्त उदगार पूज्यपाद श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज ने रविवार को जतपुरा गांव में चल रहे भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में व्यक्त की। उन्होंने कहा कि संस्कार से विहीन साधन संसाधन बोझ बन जाता है, लेकिन वही संस्कार युक्त साधन उपहार बन जाता है। श्री जीयर स्वामी जी ने कहा कि आप कितने भी बड़े वैभवशाली क्यों न हो, लेकिन यदि आपका उठन बैठन, खान पान सही नहीं है तो आपको बर्बाद होने से कोई रोक नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि सृष्टि में कोई भी व्यक्ति बिना कर्म किये नहीं रह सकता। शास्त्रों में मुख्य रूप से तीन प्रकार के कर्म बताये गये हैं जिनमें एक होता है क्रियमाण कर्म, जिसका फल इसी जीवन में हमें तुरंत प्राप्त हो जाता है। दूसरा संचित कर्म, जिसका फल बाद में मिलता है। तीसरा होता है प्रारब्ध कर्म जो व्यक्ति के भाग्य और जीवन का निर्माण करते हैं। यदि विपरीत परिस्थितियों में भी लोग सुखी रहकर मयार्दा पूर्वक जीवन व्यतीत कर रहे होते हैं तो इसका श्रेय उनके संचित कर्म को जाता है। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि अपने विचारों पर नियंत्रण रखो, नहीं तो वह विचार तुम्हारा कर्म बन जाएंगे और अपने कर्मो पर नियंत्रण रखो, नहीं तो वह कर्म तुम्हारा भाग्य बन जाएंगे। पुरुषार्थी और कर्मठशील व्यक्ति को हमेशा अपने कर्म में अन्तिम क्षण तक रहना चाहिये। कर्म का त्याग कभी नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि मानवीय जीवन में अगर उठन-बैठन, बोल-चाल, खान-पान, रहन-सहन चंचल हो जायेगा या भटक जायेगा तो इसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा, चाहे कोई भी हो, भगवान का परिवार ही क्यों न हो, उसे भटकने से कोई रोक नहीं सकता इसीलिये व्यक्ति को हमेशा अपनी मयार्दा में रहना चाहिये, मयार्दाओं का ख्याल करना चाहिये। उस मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

### न्यूज अपडेट्स

## दिलीप सिंह नामधारी ने किया जनसंपर्क



**मेदिनीनगर :** डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने रविवार को चैनपुर सदर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का दौरा किया। इस दौरान वे चैनपुर प्रखंड के लादी, बलथरवा, रानीताल, टेमराई, नेउरा समेत कई गांव में गये। उन्होंने कहा कि वर्तमान में एनडीए और इंडिया दोनों गठबंधन के प्रत्याशी चुनावी मैदान में है और दोनों के बेटे कार्यकाल को देख चुके हैं। इन दोनों नेताओं ने डाल्टनगंज शहरी पेयजलापूर्ति के दूसरे फेज का कार्य आज भी शुरू नहीं कर सके। शहरवासी सड़क जाम के कारण प्रतिदिन परेशान हो रहे हैं कोयल पूर्वी कब जाम हो जाय और घर तक पहुंचने में कितना देर लग इसकी चिंता हर किसी को रहती है। इन सारी समस्याओं के प्रति वर्तमान विधायक उदासीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि 15 वर्षों में जो सड़कों का हाल है और गांवों में जो बदहाली है उसके जिम्मेवार पूर्व मंत्री एवं वर्तमान विधायक हैं। उन्होंने इस क्षेत्र को कहीं का भी नहीं छोड़ा है। उन्होंने सभी से इस बार बदलाव की अपील करते हुये अपने पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान सत्या सिंह, नीतिन पांडेय, प्रदीप सिंह समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### विस चुनाव

## झामुमो पार्टी नहीं परिवार है : मिथिलेश

# भाजपा के 400 कार्यकता सहित 700 से अधिक लोग झामुमो में शामिल

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** एआईएमआईएम को बड़ा झटका लगा है। मेराल प्रखंड के अधिसंख्य पदाधिकारियों सहित 400 कार्यकर्ता झामुमो में शामिल हो गये हैं। साथ ही बसपा सहित अन्य राजनीतिक दलों के 700 से अधिक लोगों ने भी झामुमो का दामन थाम लिया है। रविवार को सभी ने गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंचकर झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने मंत्री श्री ठाकुर को समर्थन देते हुये विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीताने का संकल्प लिया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से एआईएमआईएम के मेराल प्रखंड सचिव सकलैन अंसारी, प्रखंड कोषाध्यक्ष फिरोज अंसारी, संगठन सचिव तबरेज आलम, प्रखंड उप सचिव महफूज आलम, मीडिया प्रभारी सनउअर इकबाल, अइयाज अंसारी सहित 400 से अधिक कार्यकताओं ने झामुमो का दामन थाम लिया है। जबकि बसपा छोड़कर झामुमो में शामिल हुये गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र साव एवं पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा के नेतृत्व में बसपा छोड़कर काफी संख्या में लोगों ने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। इसके साथ ही गढ़वा, मेराल, रंका, चिनियां आदि प्रखंडों के विभिन्न गांवों के लोगों ने भी झामुमो का दामन थाम लिया। गढ़वा प्रखंड के फरठिया पंचायत के टुनटुन चौधरी, पिंटु चौधरी, धर्मेंद्र पासवान, कलाम अंसारी, मधेया पंचायज के हरिजन टोला से सत्येंद्र राम, उपेंद्र कुमार, रवींद्र तिवारी आदि गांवों से 700 से अधिक लोगों का नाम शामिल है। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। मंत्री ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुये कहा कि झामुमो पार्टी नहीं परिवार है। यहां सभी को बराबर मान, सम्मान मिलता है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को झारखंड सरकार के कार्यां से अवगत करायें एवं झामुमो के चुनाव चिन्ह तीर धनुष छाप पर वोट देकर ऐतिहासिक जीत दिलाने की अपील करें।



## कामेश्वर बैठा व वीरेंद्र साव सहित दो दर्जन से अधिक लोग झामुमो में शामिल

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** बहुजन समाज पार्टी में बड़ी टूट हुई है। पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा एवं गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से बसपा के पूर्व प्रत्याशी सह चतरा के लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र साव सहित दो दर्जन से अधिक लोग बसपा छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये। सभी ने रांची में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समक्ष झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मुख्यमंत्री ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित गढ़वा से राजकुमार साव, अंबिका सिंह खरवार, जरही के पूर्व मुखिया यमुना प्रसाद रवि, समाजसेवी अजय साव, शैलेश धवन, बसपा के पूर्व जिला सचिव काशी राम चन्द्रवंशी, पूर्व कोषाध्यक्ष अली हुसैन खान, प्रमोद चौधरी, राजकुमार चौधरी, लव कुमार चंद्रवंशी, पंचानंद विश्वकर्मा, विश्रामपुर से वरूण रजक, सुनील रजक, मंदीप कुमार सहित दो दर्जन से अधिक लोगों के नाम शामिल हैं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में आप सभी का स्वागत है। झामुमो सिर्फ एक पार्टी ही नहीं, बल्कि झारखंड के लोगों के हक और सम्मान के लिये एक आंदोलन है। आपके समर्थन से यह संघर्ष और भी मजबूत होगा। हम सब साथ मिलकर झारखंड राज्य के विकास, आदिवासी अधिकारों और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाएंगे। इन सभी को झामुमो में शामिल होने पर गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने सभी का पार्टी में स्वागत करते हुये बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन सभी को झामुमो में शामिल होने से पार्टी और मजबूत होगी। इनके कुशल नेतृत्व क्षमता का लाभ पार्टी को मिलेगा। साथ ही गढ़वा के विकास को नई दिशा मिलेगी।



## विधायक भानू विकास की नहीं हिंदू मुस्लिम की बात करते हैं : अनंत



**भवनाथपुर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के भवनाथपुर विधानसभा प्रत्याशी अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा ने रविवार को भवनाथपुर बाजार में चुनावी सभा का आयोजन किया। सभा में अनंत प्रताप देव ने लोगों से झामुमो के चुनाव चिन्ह तीर धनुष पर वोट करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा की विधायक भानू के पास कोई शब्द नहीं, वो विकास की बात नहीं करते वे सिर्फ हिंदू मुस्लिम करते हैं। 15 साल से सीमेंट फैक्ट्री के नाम पर सिर्फ जनता को छलते आ रहे हैं। सरकार की उपलब्धि से जनता को अवगत कराते हुये श्री देव ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना, कृषि ऋण माफी, बिजली बिल माफी, सावित्री बाई फुले जैसे विकास योजना से विधायक के पेट में दर्द हो रहा है। उन्होंने लोगों से वादा करते हुये कहा कि राज्य में दोबारा झामुमो की सरकार बनते ही भवनाथपुर में पावर प्लांट लगवाएंगे। सभा की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव ने किया। मौके पर सूर्यदेव राउत, शालेंद्र यादव, मंटू सिंह, ब्रजेश सिंह, गोपाल यादव, पिंटू टोप्पो सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट आयोजन को लेकर सफाई अभियान



**कांडी :** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में लोक आस्था के महापर्व छठ के विराट आयोजन को लेकर सतबहिनी विकास समिति के तत्वावधान में सफाई अभियान शुरू कर दिया गया है। इसकी जानकारी देते हुये समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्र ने कहा कि झरना घाटी में सेतु मार्ग से सटे उत्तर तरफ बहुत से अवांछित पेड़ एवं झाड़ियां उग आई हैं। जिनके चलते जल प्रवाह बाधित होने के कारण मिट्टी एवं बालू का ढेर भी जमा हो गया है। चूंकि झरना घाटी से सटे हुये बड़ा छठ घाट अवस्थित है। इसलिये छठ घाट से होकर नदी का जल प्रवाह निराहार छठ व्रतियों को उपलब्ध कराये जाने को लेकर घाटी की सफाई आवश्यक है। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति की आमसभा में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि महापर्व के पहले सफाई का कार्य पूरा कर लिया जायेगा। इसके साथ ही सूर्य मंदिर के पीछे एवं बजरंगबली मंदिर के दक्षिण मेला मैदान में भी बरसात के कारण हो गये ऊंचे-नीचे गड्ढों को समतल कराया जायेगा। ज्ञात हो कि सतबहिनी झरना तीर्थ में महाव्रत छठ का कई वर्षों से विराट आयोजन होने लगा है। इस सुंदर एवं रमणीक तथा सुविस्तृत स्थल पर स्थानीय 100 गांवों के साथ-साथ झारखंड के विभिन्न जिलों एवं देश के विभिन्न राज्यों के करीब 1 लाख निराहार छठ व्रती सतबहिनी आया करते हैं। छठ व्रतियों के परिजन एवं यहां होने वाले भगवान भास्कर के सबसे महान पर्व छठ की मनोहारी छटा को देखने के लिये बड़ी संख्या में आने वाले दर्शकों को मिलाकर करीब 3:50 लाख लोग सतबहिनी झरना तीर्थ में जुट जाया करते हैं। इस महाजूटान को लेकर तत्संबंधी सारी व्यवस्था समिति के द्वारा की जा रही है। जिसमें टेंट, लाईट, साउंड, पेयजल आदि प्रमुख हैं। इधर गेट नंबर 2 पर झारखंड सरकार के पर्यटन विभाग के द्वारा साईनेज बोर्ड लगाया जा रहा है।

## जनता के अधिकार की रक्षा के लिये नेता का छत्रछाया जरूरी : त्रिपाठी



**मेदिनीनगर :** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री सह महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने सूदना के विभिन्न इलाकों एवं सदर प्रखंड के करीब दर्जनों गांव पोखराहा, सरजा, चौकिदार टोला, नावाडीह, बरेवा, बढकीनेभी, नउवाढोढ, कुण्डेलवा के सभी टोला एवं झाबर के सभी टोला आदि ग्रामों में सघन दौरा कर समर्थन व सहयोग मांगा। स्थानीय लोगों द्वारा श्री त्रिपाठी का स्वागत जोश व उत्साह के साथ किया गया। श्री त्रिपाठी ने कहा कि इन दस वर्षों में जनता ने सब कुछ खो दिया। जनता ने अपने अधिकारों को खो दिया, उनको इन दस वर्षों में कुछ नहीं मिला। उन्होंने कहा अपने बाल बच्चों के भविष्य एवं आने वाले पीढ़ी के भविष्य के लिये पांच साल छोड़े नहीं और इन दस वर्षों को भूले नहीं। अपने अधिकारों की रक्षा के लिये एक नेता का चयन करें। यहां पेयजल की समस्या से निजात हेतु कोयल नदी को बांधना है। खासमखास की समस्या से निजात दिलाना है।

### हॉस्पिट में ढाई महीने से आक्सीजन पर करा रहे थे इलाज

# डॉ कुलदेव चौधरी की माता का निधन

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** पलामू जिला के विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत गुरहा कला पंचायत के मल्लाह टोली निवासी 62 वर्षीय रामगती देवी ने चौधरी जेनरल हॉस्पिटल गढ़वा में शनिवार को अंतिम सांस ली। ज्ञात हो कि मझिआंव चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, डंडा के चक छपरदागा आंगनबाड़ी केंद्र के सेविका रूबी कुमारी एवं सिविल कोर्ट गढ़वा के अधिवक्ता बचनदेव चौधरी की मां रामगति देवी दो वर्ष पूर्व रेलवे कर्मचारी के रूप में सेवानिवृत्त हुई थी। क्योंकि इसके पहले बच्चों की कम उम्र में ही इनके पिता कैलाश चौधरी गुजर गये थे और इसके बाद माताजी को अनुकम्पा की नौकरी लगी थी। इन्होंने माता के साथ पिता की भूमिका निभाकर तीनों बच्चों को शिक्षा दीक्षा दिलाई। सेवानिवृत होते ही स्तन कैंसर की जानकारी मिली तब तक अन्य अंगों में फैल चुका था। दो वर्ष इलाज चला और आपातकालीन स्थिति में डॉ कुलदेव चौधरी अपने ही हॉस्पिटल में ढाई महीने से ऑक्सिजन पर इलाज कर रहे थे। क्योंकि सभी डॉक्टरों ने स्थिति से अवगत करा चुके थे। लेकिन शनिवार की सुबह लगभग 8 बजे बातचीत करते दम तोड़ दी। इसके बाद शव को मल्लाह टोली गांव लाया गया और कोयल नदी के तट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़े बेटे डॉ कुलदेव चौधरी एवं छोटे बेटे बचनदेव चौधरी ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में भाग लेने वाले में समाजवादी पार्टी के नेत्री अंजू देवी, राहुल दुबे, डंडा जिला पार्षद सह बसपा नेता अजय कुमार चौधरी, झारखंड पार्टी के नेता मनदीप मल्लाह, कमलेश चौधरी, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, पूर्व विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह के प्रतिनिधिगण, विश्रामपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि कुमार, गुरहा कला मुखिया राधाकृष्ण साव, भाजपा नेता ब्रजेश कुमार उपाध्याय, संजय दुबे, गोपीचंद चौधरी, ललन चौधरी, बिदेशी चौधरी, अजित चौधरी, सुखदेव चौधरी, श्यामलाल चौधरी, उपेन्द्र चौधरी, हासनदाग पूर्व मुखिया दुखन चौधरी, शिवनाथ चौधरी, गुपुत चौधरी, रघु चौधरी, अनिल चौधरी, जरही मुखिया महेन्द्र चौधरी, चेचरिया मुखिया प्रतिनिधि राजेन्द्र चौधरी, हासनदाग मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र चौधरी आदि उपस्थित थे।






# सद्गुरु सदाफल देव आश्रम सिंदुरिया में रक्तदान शिविर आयोजित

**बंशीधर न्यूज**

**भवनाथपुर** : प्रखंड के टाउनशीप में सद्गुरु सदाफल देव आश्रम सिंदुरिया में नि:शुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।रक्तदान शिविर का शुभारंभ डॉ प्रदीप कुमार सद्गुरु ने प्रभु के चित्र पर माल्यार्पण एवं अखंड दीप जलाकर किया। मौके पर प्रथम रक्तदान जिले के युवा प्रभारी प्रदीप तिवारी ने किया। वहीं बारी-बारी से उपस्थित भक्तों ने अपना-अपना रक्तदान किया। रक्तदान के संबंध में डॉ प्रदीप कुमार ने कई महत्वपूर्ण लाभ के विषय में लोगों को जानकारी दी। उन्होंने सरकार के द्वारा दिये गये निदेर्शानुसार फ्रूटी, बिस्कुट, पानी बोतल तथा उपहार में चाबी रिंग वितरित किया गया। इस संबंध में संस्थागत जिले के संयोजक सुरेंद्र कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि ब्रह्म विद्या विहंगम योग संस्थान न केवल आध्यात्मिक उत्थान करती है। बल्कि सामाजिक और अन्य प्रकार के महत्वपूर्ण कार्य भी करती है। समय-समय पर तीन पहिया साईकिल, सहयोग की भजन, बाढ़ पीड़ितों की सहायता, गौ सेवा, नि:शुल्क आध्यात्मिक शिक्षा, रक्तदान, नि:शुल्क कन्यादान जैसे अनेक कार्य किये जाते हैं। संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुपुज्य संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज के पवन जन्मोत्सव पर प्रत्येक वर्ष विश्व भर में रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है जिसके तत्वाधान में भवनाथपुर सिंदूरीया आश्रम में आज 23 भक्तों ने अपने शरीर से रक्तदान देकर महान सेवा प्रदान किया है। मौके पर रक्तदान करते लोगों ने बताया कि उन्हें काफी हर्ष का अनुभव हो रहा है कि उनके रक्त के अंश से किसी का वंश बच पायेगा। वहीं जिले के सह संयोजक जवाहर दुबे ने बताया की दुनिया का सारा चीज कहीं ना कहीं निर्मित होता है। परंतु रक्त किसी कारखाने में नहीं बनती यह मानव शरीर में बनती है जिसे दान करके हम सब को काफी आनंद का अनुभव हो रहा है। अगले दिन 28 अक्टूबर को जिला मुख्यालय सदर अस्पताल गढ़वा में विहंगम योग संस्थान के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जायेगा। अधिक से अधिक लोग आकर रक्तदान करके महान पुण्य का भागी बने। मौके पर चिकित्साकर्मी प्रदीप पासवान, प्रवीण कुमार, नीतीश कुमार, संजीव कुमार, रूपदेव कुमार सहित जिले के प्रधान संयोजक प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार पाण्डेय, सह संयोजक गुलाब राम चंद्रवशी, जिले के पत्रिका प्रभारी संदीप कुमार, प्रखंड प्रभारी बासुकीनाथ विश्वकर्मा, राम बरत विश्वकर्मा, नरेंद्र विश्वकर्मा, प्रखंड के अन्य प्रभारी सहित कई युवा गुरु भाई एवं नये जिज्ञासु भी रक्तदान कार्यक्रम में शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता

**मेदिनीनगर** : विधानसभा चुनाव को लेकर संत मरियम विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने दर्जनों प्रशंसात्मक व आकर्षक रंगोली बनाकर मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने बताया कि स्कूली बच्चों के लिये रंगोली प्रतियोगिता कराने का मुख्य उद्देश्य था कि इन दिनों पलामू समेत पूरे झारखंड प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हो रहा है। साथ ही इन दिनों देश के कई धार्मिक महापर्व भी हैं, इसीलिए हम लोकतंत्र के महापर्व समेत लोकआस्था के महापर्व को ना भूल जाएं, इस हेतु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों द्वारा लोकतंत्र के महापर्व को लेकर बनाये गये अनेकों रंगोलियों के माध्यम से बच्चे जो अनुरोध कर रहे हैं, वो तमाम अभिभावक उनके निवेदन को स्वीकार कर सकें। मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एसबी साहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, अचला सिंह, रिजवाना परवीन, रौशन राज समेत अन्य कई शिक्षक मौजूद थे।

### कार्यकर्ताओं संग बैठक

**पांकी** : पांकी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने मझौली गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अपने बीते 5 साल में पूर्ण किये गये कार्यों का ब्यौरा दिया। साथ ही कहा कि यदि कुछ काम अधूरे रह गये तो उसके लिये वर्तमान सरकार की उदासीनता है। वर्तमान सरकार की विफलताओं के बारे में उन्होंने कहा कि राज्य की वर्तमान हेमंत सरकार में अफसरसाही व भ्रष्टाचार हावी है। युवाओं के सपने बेचे जा रहे हैं, वहीं गरीबों की सुननेवाला कोई नहीं है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में वोट करने की अपील की।

**राहत** ▶ **चिकित्सा जगत के लिये क्रांतिकारी कदम : डॉक्टर**

# 96 स्लाईस का 24 आवर्स सिटी स्कैन की सौगात

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा** : जिला मुख्यालय के चिनियां रोड स्थित होटल पद्मावती के समीप क्लिनिक ऑन स्क्रीन में 24 आवर्स सीटी स्कैन की स्थापना की गई। रविवार को इसका भव्य उद्घाटन सेवानिवृत शिक्षक डीपी सिंह, परमेश्वरी मेडिकल सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष सह पूर्व सिविल सर्जन डॉ जेपी सिंह एवं प्रभात मेडिकल सेंटर के संस्थापक अध्यक्ष सेवानिवृत शिक्षक प्रभात कुमार सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर और दीप जलाकर किया। मौके पर राष्ट्रीय स्तर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज प्रभात, लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ कुमार निशांत सिंह, सिटी स्कैन के निदेशक एनआरआई प्रखर सामाजिक कार्यकर्ता बाबू शक्ति सिंह सहित कई गणमान्य प्रमुख भूमिका में थे। कार्यक्रम में डॉ नीतू सिंह, डॉ रागिनी अग्रवाल, डॉ दिनेश सिंह, डॉ टी पीयूष, डॉ अमित कुमार, डॉ कमलेश कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, डॉ असजद अंसारी, डॉ मुनाजिर हसन, डॉ शमशेर सिंह, डॉ विजय भारती, डॉ अनिल साव सहित कई चिकित्सक मौजूद थे। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान अतिथियों ने कहा कि गढ़वा जिले में अब तक सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध नहीं थी, जिसके कारण मरीजों को रांची,




बनारस या अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। इससे न केवल मरीजों और उनके परिवारों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। बल्कि समय की बबार्दी और मानसिक तनाव भी बढ़ जाता था। अब क्लिनिक ऑन स्क्रीन में इस सुविधा के शुभारंभ से लोगों को राहत मिलेगी और त्वरित जांच की सुविधा स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होगी।



### स्थापना का उद्देश्य और भावी योजनाएं

एनआरआई शक्ति कुमार सिंह ने बताया कि इस केंद्र की स्थापना का मुख्य उद्देश्य गढ़वा जिले के लोगों को बेहतर और उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिले में सीटी स्कैन की सुविधा की अनुपलब्धता के कारण मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसे देखते हुये उन्होंने इस केंद्र की शुरूआत की है। शक्ति कुमार सिंह ने यह भी कहा कि वे भविष्य में और भी उन्नत तकनीक और सेवाएं लाने की योजना बना रहे हैं। ताकि गढ़वा के लोग आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिये दूसरे शहरों पर निर्भर न रहें। इस नये केंद्र के खुलने से न केवल चिकित्सा क्षेत्र में सुधार होगा, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उद्घाटन समारोह में उपस्थित लोगों ने इस पहल की सराहना की और इसे गढ़वा जिले के लिये एक महत्वपूर्ण कदम बताया, जो स्वास्थ्य सेवाओं में नये आयाम स्थापित करेगा।

### मरीजों के साथ चिकित्सकों को भी मिलेगी राहत

कार्यक्रम में अपनी राय जाहिर करते हुये चिकित्सकों एवं गणमान्य अतिथियों, मरीजों और अभिभावकों ने कहा कि मरीजों को बड़ी राहत के साथ साथ चिकित्सकों को भी रोग के इलाज में सहूलियत मिलेगी। पहले इस तरह के मरीज को सीधे बड़े सेंटर में रेफर कर देते थे, क्योंकि मरीज के अंदर आयी गड़बड़ियों को डॉक्टर सिटी स्कैन के अभाव में समझ नहीं पाते थे। अब वे मरीजों का त्वरित इलाज कर उनका जीवन बचाने में सफलता पा लेंगे। चिकित्सकों ने कहा कि बहुत सारे मरीज इस कंडीशन में आते हैं कि उन्हें घंटा दो घंटा में ही त्वरित इलाज की जरूरत होती है। वैसे मरीजों को रांची रेफर कर दिया जाता था, जो रांची पहुंचने से पूर्व ही दम तोड़ देते थे। अब इस तरह की मौत को रोका जा सकता है क्योंकि उन्हें कुछ मिनटों में ही सिटी स्कैन की रिपोर्ट प्राप्त हो जायेगी।

## एफएसटी व एसएसटी टीम ने गढ़वा रेलवे स्टेशन पर चलाया जांच अभियान



**गढ़वा** : जिले में विधानसभा आम निर्वाचन 2024 स्वच्छ, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हो इसी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर एफएसटी तथा एसएसटी टीम ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। जांच अभियान के तहत निर्देश दिया गया है कि अगर कोई आपत्ति जनक सामग्री तथा राशि पायी जाती है, तो उसे जब्त करते हुये जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुये अविलंब जिला प्रशासन को सूचित करें। इसी क्रम में संबंधित एफएसटी और एसएसटी की टीम ने रविवार को गढ़वा रेलवे स्टेशन पर सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान प्रतिनियुक्त एफएसटी और एसएसटी टीम ने रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों के सामानों की तलाशी ली तथा सुरक्षा संबंधित अन्य बिदुओं पर निरीक्षण किया।

### मतदान थीम पर मेहंदी प्रतियोगिता



**गढ़वा** : जिले के सभी प्रखंडों के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में रविवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड कर्मी, स्कूल और कॉलेज के सभी विद्यार्थियों ने मतदान थीम पर आकर्षक मेहंदी डिजाईन बनाये। मेहंदी में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये स्लोगन एवं मतदान तिथि भी अंकित था। ज्ञात हो कि स्वीप कैलेंडर के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के लिये विभिन्न तरह की गतिविधियां कराई जा रही है, ताकि अधिक से अधिक संख्या में लोगों के द्वारा मतदान किया जाय। साथ ही लोगों को मतदान के महत्व के बारे में भी जानकारी प्राप्त हो एवं सभी मतदाता 13 नवंबर को अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करें। मतदान हमारा अधिकार है तथा लोकहित एवं राष्ट्रहित में मतदान करना हमारा परम कर्तव्य है। निर्वाचन आयोग के द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में स्वीप कैलेंडर बनाई गई है, जिसके तहत विभिन्न गतिविधियां लगातार कराई जा रही है। मुख्य रूप से ईएलसी, चुनाव पाठशाला बैग एवं वैफ के माध्यम से जिले एवं प्रखंड से लेकर बूथ लेवल तक विस्तृत कार्यक्रम कराये जा रहे हैं। ताकि मतदाताओं को जागरूक किया जा सके एवं मतदान प्रतिशत में वृद्धि हो सके।

### 27 लीटर महुआ शराब बरामद



**भवनाथपुर** : आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुये स्थानीय पुलिस प्रशासन ने अवैध महुआ शराब के रोकथाम को लेकर कमर कस ली है। रविवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत चपली में अवैध तरीके से महुआ शराब की चुलाई और बिक्री के खिलाफ स्थानीय पुलिस प्रशासन ने छापामारी अभियान चलाकर अवैध महुआ शराब को जब्त करते हुये कई ड्रम जावा महुआ को नष्ट किया है। थाना प्रभारी रंजनी रंजन ने बताया कि गुप्त सूचना का आधार पर टीम गठन कर थाना क्षेत्र के सिंदुरिया गांव निवासी सोहर उरांव के घर में संचालित हो रहे अवैध महुआ शराब भट्टी पर छापामारी कर 27 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही नौ पीले डब्बा में वही करीब 180 किलो जावा महुआ को नष्ट किया गया। छापामारी दल में एसआई नारायण प्रसाद, दिनेश सिंह, हवलदार सुभाष कुमार तिर्की सहित पुलिस जवान शामिल थे।

### होंडा बाईक शोरूम का उद्घाटन



**केतार** : प्रखंड में होंडा बाईक के शोरूम का उद्घाटन किया गया। केतार पचाडूमर मार्ग में स्थित होंडा शोरूम का उद्घाटन प्रोपराईटर अंगद प्रसाद पिता विश्वनाथ प्रसाद ने विधिवत पूजा अर्चना कर किया। मौके पर प्रोपराईटर अंगद ने बताया कि मेरे यहां बाईक लेना हो तो आप आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी, बैंक पासबुक इत्यादि लेकर शोरूम में आएं और कम से कम पांच हजार जमा कर बाईक प्राप्त कर सकते हैं। हमारे यहां आसान किस्तों में भी बाईक उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुराना बाईक लाईये और उचित मूल्य लगाते हुये नया बाईक अपने साथ ले जाईये। साथ ही यहां पर सर्विसिंग की व्यवस्था भी की गई है। मौके पर बैजनाथ गुप्ता, विश्वनाथ प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार, जितेंद्र प्रसाद, रामविचार साह, शंभू नाथ सिंह, माला सिंह, उदय प्रसाद, शाहिद हुसैन आदि मौजूद थे।

**शहरी क्षेत्र में भी बजा झामुमो का डंका, 13 वार्ड पार्षदों ने थामा झामुमो का दामन**

# जनता की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे : ठाकुर

**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा** : गढ़वा शहरी क्षेत्र में भी झामुमो का डंका बज रहा है। गढ़वा नगर परिषद क्षेत्र से 13 वार्ड पार्षदों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। सभी ने गढ़वा विधायक व झारखंड के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला व पार्टी का पट्टा पहनाकर



झामुमो में शामिल किया। पार्टी में शामिल होने वालों में वार्ड एक के पार्षद गजाला सिद्धिकी, वार्ड दो के नरगिस बानो, वार्ड तीन के रेणु देवी, वार्ड चार के दिनेश गौड़, वार्ड पांच के अंजु देवी, वार्ड छह के घनश्याम कुमार उर्फ पुतुल, वार्ड सात के विनोद प्रसाद उर्फ करीमन, वार्ड आठ के दुर्गा देवी, वार्ड 10 के स्नेहा देवी, वार्ड 14 के रश्मि सिन्हा, वार्ड 16 के ममता देवी, वार्ड 20 के सबीता देवी तथा वार्ड 21 की वार्ड पार्षद रिंकु कुमारी के नाम शामिल हैं। सभी ने विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को जीताने का संकल्प लिया। इन्होंने कहा कि मंत्री श्री ठाकुर के ऐतिहासिक विकास कार्यां से प्रभावित होकर गढ़वा में विकास की गति को और तेज के लिए सभी लोग झामुमो में शामिल हुये हैं। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जिस उम्मीद के साथ लोग काफी संख्या में झामुमो में शामिल हो रहे हैं, जिस उम्मीद से जनता उन्हें जीताने के लिये संकल्पित है वे कभी भी जनता की उम्मीदों को टूटने नहीं देंगे। इस बार जिस गति से गढ़वा का विकास हुआ है अगली बार हेमंत सोरेन की सरकार बनते ही और तेज गति से गढ़वा का विकास होगा। गढ़वा पूरी तरह से विकसित जिलों की श्रेणी में अग्रणी होगा। पूरे राज्य में गरीब, गुरबों, किसान, मजदूरों, नौजवानों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं सभी वर्गो के लिए और भी बेहतर तरीके से काम होगा।



## 'सीआईडी' का नया प्रोमो रिलीज, दया को गोली मारते दिखे अभिजीत

टीवी पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए 'सीआईडी' ??सीरीज एक बार फिर सुर्खियों में है। एसीपी प्रद्युम्न, दया, अभिजीत की रोमांचक जांच पड़ताल सीरीज के मजेदार उद्धरण और अंत में अपराध का खुलासा निश्चित रूप से दर्शकों का मनोरंजन करते रहे हैं। सीआईडी ??के टीजर के बाद अब सोनी टीवी ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर सीआईडी ??का नया प्रोमो शेयर किया है। इस प्रोमो से पता चलता है कि अभिजीत ने अपनी पुरानी दोस्ती को भूलकर दया को गोली मार दी। इस प्रोमो ने एक बार फिर दर्शकों का ध्यान इस सीरीज की ओर खींचा है। सोनी टीवी के इंस्टाग्राम पेज पर प्रोमो शेयर पर बहुत सारे टविस्ट आ रहे हैं। इस प्रोमो में अभिजीत अपनी पुरानी दोस्ती को भूलकर दया पर गोली चलाते नजर आ रहे हैं। फिर एसीपी प्रद्युम्न की एंट्री होती है। सोनी के ऑफिशियल पेज से शेयर किए गए इस प्रोमो पर खूब कमेंट आ रहे हैं। प्रोमो में दिखता है कि तूफानी बारिश से अंधेरा हो गया यह कहते हुए अभिजीत दया पर बंदूक तान देता है।

## 'चेहरे के साथ क्या कर लिया!', जैस्मीन भसीन का सूजा चेहरा...



एक्ट्रेस जैस्मीन भसीन ने हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें वो एथनिक लुक में सुंदर लग रही थीं लेकिन फैंस ने नोटिस किया कि जैस्मीन ने शायद प्लास्टिक सर्जरी करवाई है और बोटॉक्स का सहारा लिया है। उन्होंने उनसे कई सारे तीखे सवाल भी पूछे। ज्यादातर कलाकार सुंदरता और परफेक्टनेस में फिट होने के लिए अपनी खामियों को ठीक करना पसंद करते हैं। वैसे तो जैस्मीन भसीन एक खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, लेकिन हाल ही में उनके फैंस ने उन पर चेहरे पर बोटॉक्स करवाने का आरोप लगाया। जैस्मीन भसीन भारतीय टेलीविजन का एक प्रसिद्ध चेहरा हैं और वह अपने चुलबुले स्वभाव से फैंस के दिलों को लुभाने का कोई मौका नहीं छोड़ती हैं। वह पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में भी एक बड़ा नाम हैं। एक्ट्रेस अपने बॉयफ्रेंड अली गोनी के साथ रिश्ते में हैं और उनके फैंस दोनों की शादी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इन सबके बीच एक्ट्रेस का एक नया वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह पहचान में नहीं आ रही हैं। इंडस्ट्री में बोटॉक्स और फिलर्स एक नया चलन है और ज्यादातर कलाकार सुंदरता और परफेक्टनेस में फिट होने के लिए अपनी खामियों को ठीक करना पसंद करते हैं। वैसे तो जैस्मीन भसीन एक खूबसूरत एक्ट्रेस हैं, लेकिन हाल ही में उनके फैंस ने उन पर चेहरे पर बोटॉक्स करवाने का आरोप लगाया। हुआ यूं कि जैस्मीन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पीले रंग के सूट में अपना एथनिक लुक दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। उन्होंने इसे एक दुपट्टे के साथ एथनिक ड्रेस में लुक फ्लॉन्ट किया।

## मेदिनीनगर में छह मुहान से समाहरणालय तक दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




# इरफान को तत्काल मंत्रिमंडल से हटाएं हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी

बंशीधर न्यूज



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने रविवार को कहा कि अपने 'मन की बात' में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कई बातें बताई हैं। इस क्रम में दो महापुरुषों का जिक्र किया है। इनमें एक सरदार वल्लभभाई पटेल और दूसरे भगवान बिरसा मुंडा हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उस दिन दिवाली भी है। इस बार सरदार पटेल की जयंती को और धूमधाम से मानना है। मरांडी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती है। उनकी भी 150वीं जयंती प्रारंभ हो रही है। उसको भी पूरा देश में धूमधाम से मानना है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड में आज की जो जरूरत भाजपा के नेतृत्व में सरकार बनाने की है, ताकि झारखंड को हम सब बचा सकें। इसलिए झारखंड की तमाम जनता से अपील करते है कि झारखंड को बचाने के लिए वे भारतीय जनता पार्टी को वोट करें। मरांडी ने कहा कि यह तो बिल्कुल स्पष्ट हो चुका है कि हेमंत सोरेन लाचार और विवश हैं। वोट की खातिर वे किसी भी हद तक गिर सकते हैं। पार्टी भले अलग हो लेकिन सीता सोरेन उनकी भाभी हैं। उनके आंदोलनकारी भाई दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। झारखंड की एक महिला भी हैं। सीता सोरेन के बारे में जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी जिस घटिया शब्द का उपयोग करते हैं उसे हम प्रयोग नहीं कर सकते। यदि हेमंत सोरेन के दिल में थोड़ा सा भी स्वाभिमान है, तो इरफान अंसारी को मंत्रिमंडल से हटा देना चाहिए, जो एक महिला के बारे में, आंदोलनकारी की पत्नी और शिबू सोरेन की बहू और उनकी भाभी के बारे में इतने घटिया शब्द का प्रयोग करते हैं। इसके बाद भी हेमंत सोरेन चुप हैं और उनको मंत्रिमंडल से भी नहीं हटा रहे तो सोच सकते हैं कि उनसे झारखंड की मां बहनों की रक्षा कैसे हो सकती है। झारखंड की जनता झारखंड की मां बहन इसको अच्छी तरह से देख रही है। हेमंत सोरेन को अब तो कम से कम जाग जाना चाहिए।

### भाजपा महिला मोर्चा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल रविवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस विधायक सह मंत्री इरफान अंसारी के जरिये सीता सोरेन के प्रति किए गए अभद्र टिप्पणी मामले में ज्ञापन सौंपा गया है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से झारखंड सरकार के मंत्री एवं जामताड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी इरफान अंसारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, भाजपा प्रदेश मंत्री अनामिका जूही, सीमा शर्मा, डॉ राजश्री जयंती, रेणु तिर्की, नीलम चौधरी और अशोक बड़ाइक शामिल थे।

### झामुमो सरकार की महिला विरोधी मानसिकता का परिचायक : शिवराज



**रांची।** कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी के सीता सोरेन पर विवादित बयान को लेकर भाजपा आक्रामक है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को कहा कि झारखंड में बहन सीता सोरेन का अपमान हुआ है। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन भाजपा की सम्मानित नेता हैं और उनका अपमान झामुमो सरकार की महिला-विरोधी रवैये को उजागर करता है। गठबंधन सरकार पर निशाना साधते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सीता सोरेन स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पत्नी, शिबू सोरेन की बहू और हेमंत सोरेन की भाभी हैं लेकिन हैरानी की बात यह है कि जिस सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन हैं, उसी सरकार का एक मंत्री उनकी भाभी का अपमान कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में भाभी को मां का दर्जा दिया गया है। रामायण का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब सीता का अपमान हुआ था तब लंका जली थी और रावण का अंत हुआ था लेकिन झारखंड में हर दिन सीता का अपमान हो रहा है। चौहान ने कहा कि यदि हेमंत सोरेन में जरा भी शर्म है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए लेकिन हेमंत सोरेन चुप बैठे हैं। यदि वह भाभी मां के सम्मान की रक्षा नहीं कर सकते तो झारखंड की मां, बहन और बेटियों की रक्षा कैसे करेंगे? ऐसे व्यक्ति को पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है।

### Hit लिस्ट

### कर्मियों को मिलेगी पोस्टल बैलेट की सुविधा

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव में आवश्यक ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मियों को पोस्टल बैलेट से मतदान




करने की सुविधा मिलेगी।निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी किया है और मतदान के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को डाकपत्र के माध्यम से मतदान कराने का निर्देश भी सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों को दिया है। इनमें रेलवे परिवहन में लगे कर्मियों, वैसे मीडियाकर्मी जिन्हें चुनाव आयोग की ओर से मतदान कवरेज के लिए पास निर्गत किया गया हो, बिजली विभाग, बीएसएनएल, पोस्ट एंड टेलीग्राम, दूरदर्शन, आकाशवानी, स्टेट मिल्क एंड यूनियन मिल्क कॉपरेटिव सोसाइटी, स्वास्थ्य विभाग, एविएशन, अगिनशमन सेवा, ट्रैफिक पुलिस, एम्बुलेंस, जेल, एयरपोर्ट प्राधिकरण, पीआईबी से जुड़े अधिकारी व कर्मी डाकपत्र के माध्यम से मतदान कर सकेंगे।

### ध्यान साधना से ही जीवन का कल्याण होगा : वैष्णवानंद

**खूंटी।** महर्षि मेंहि आश्रम मलियादा मुरहू में रविवार को आयोजित विशेष सत्संग में प्रवचन करते हुए बद्रीनाथ धाम के



वैष्णवानंद महाराज ने कहा कि ध्यान साधना से ही जीवन का कल्याण होगा। सद्कर्म और भक्ति नहीं करने से अगला जन्म किसी अन्य निकृष्ट योनी में हो सकता है। वैष्वानंद ने इसके पूर्व सिमडेगा से सटे पर्वत के साधना शिखर पर तीन महीने मौन रहकर ध्यान साधना की थी। उन्होंने कहा कि बिना जप-तप के ईश्वर का साक्षात्कार नहीं हो सकता। परमात्मा की प्राप्ति सद्गुरु की बताई युक्ति से होगी, जिससे मनुष्य का आवागमन का चक्कर छूट जायेगा, परम धाम की प्राप्ति हो जायेगी। भक्ति और सद्गुरु के बताए मार्ग पर चलकर सांसारिक व्यक्ति भी परम पद को प्राप्त कर सकता है।

### झारखंड राज्य में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के उच्च पदस्थ अधिकारियों पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप

# हेमंत सोरेन के प्रस्तावक मुर्मू मंडल को अगवा करने का प्रयास : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने चुनाव में लगे अधिकारियों पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के बरहेट से प्रस्तावक मंडल मुर्मू को अगवा करने की कोशिश की गयी। सुप्रियो ने झारखंड राज्य में पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के उच्च पदस्थ अधिकारियों द्वारा अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। भट्टाचार्य हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन अफसरों ने चुनावी प्रक्रिया मे हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आचार संहिता का उल्लंघन का काम किया है। उन्होंने तीनों पदाधिकारियों को चुनाव कार्य से अलग करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में




भारतीय निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पत्र लिखकर जानकारी दी गयी है। साथ ही झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार, आईपीएस एवी होमकर और आईपीएस संजय आनंद लाटकर के खिलाफ आरोप लगाते हुए पत्र लिखा है। पत्र में पदाधिकारियों के जरिये पद का दुरुपयोग करते हुए चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करते हुए एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) के पक्ष में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की बात कही गई है। साथ ही संपूर्ण तथ्यों की निष्पक्ष एवं गहनता से जांच कर उक्त पदाधिकारियों के कार्यों की समीक्षा की जाये और तत्काल प्रभाव से उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया से विमुक्त करने की बात भी कही गई है। पत्र ने लिखा है कि वर्तमान में हेमंत सोरेन राज्य के मुख्यमंत्री भी हैं और झामुमो के स्टार प्रचारक भी हैं। हेमंत सोरेन के नामांकन को प्रभावित करने के लिए उनके प्रस्तावक जिस प्रकार प्रभावित किया गया, यह एक आपराधिक साजिश के साथ साथ आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

### क्या लिखा है पत्र में

27 अक्टूबर को अपराह्न लगभग 1 बजे गिरिडीह पुलिस के जरिये वाहन जांच के क्रम में एक वाहन को रोका गया। इसमें कई व्यक्तियों के साथ मंडल मुर्मू जो हमारे साहेबगंज जिले के 03 बरहेट (अ.ज.जा) के अधिकृत प्रत्याशी हेमंत सोरेन के प्रस्तावक भी हैं, को रोका गया और उनसे उनके गंतव्य के बारे में पूछा गया। वाहन में सवार यात्रियों के जरिये कोई उत्तर न दिए जाने के कारण वाहन को गिरिडीह पुलिस ने रोक लिया। इसके पश्चात राज्य मुख्य चुनाव अधिकारी रवि कुमार (आईएएस), संजय आनंद लाटकर (आईपीएस) और अमोल वेनुकांत होमकर के जरिये अपने पद और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर गिरिडीह जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पर अनावश्यक दबाव बनाकर गिरिडीह पुलिस के संरक्षण में रहे वाहन को सभी यात्रियों के साथ आनन-फानन में मुक्त कर दिया गया।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)